RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 109
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 6 फरवरी, 2020
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर

मैंने कभी नहीं ली डायटीशियन से सलाह : भूमि
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

कैबिनेट के फैसले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

28 निजी विश्वविद्यालय खोलने के प्रस्तावों को मंजूरी

प्रवक्ता ने बताया कि निजी विश्वविद्यालय खोलने के लिए आए 28 प्रस्तावों को कैबिनेट ने मंजूदी प्रदान कर दी है। निजी क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए राज्य के उच्च शिक्षा विभाग को जितने प्रस्ताव मिले उन सबका परीक्षण करवाया गया। इनमें से 28 प्रस्तावों को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति ने मंजूर करते हुए इस बाबत आशय पत्र जारी कर दिए गए हैं। इनमें आईआईएलएम विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा, केएम (कृष्ण मोहन) विश्वविद्यालय मथुरा, राधा गोविन्द विश्वविद्यालय चन्दौसी, संभल, फ्यूचर यूनिवर्सिटी बरेली, वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी शाहजहांपुर, नारायण यूनिवर्सिटी कानपुर नगर, आईटीएस यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, बाबू जय शंकर गया प्रसाद यूनिवर्सिटी उन्नाव, शारदा विश्वविद्यालय आगरा, केसीसी यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, केडी यूनिवर्सिटी मथुरा, ऑरडिअल विश्वविद्यालय मड़िहान, मिर्जापुर, बैक्सिल नेशनल विश्वविद्यालय मुजफ्फ रनगर, कैरियर यूनिवर्सिटी लखनऊ, सिद्धिविनायक यूनिवर्सिटी बरेली, विद्या विश्वविद्यालय मेरठ, एफ एस यूनिवर्सिटी शिकोहाबाद, फि रोजाबाद, ऐवेन्यूज इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी फिरोजाबाद, सरोज इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी लखनऊ, राममूर्ति स्मारक यूनिवर्सिटी बरेली, प्रसाद इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी लखनऊ, टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ, एचआरआईटी विश्वविद्यालय गाजियाबाद, सरस्वती ग्लोबल यूनिवर्सिटी उन्नाव, युनाइटेड विश्वविद्यालय इलाहाबाद, महात्मा गांधी स्किल एण्ड ओपेन यूनिवर्सिटी उन्नाव, वेदान्ता विश्वविद्यालय मुजफ्फरनगर, एसकेएस इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी मथुरा के प्रस्ताव शामिल हैं।